प्रदर्शन | मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को निरस्त किए जाने का किया विरोध

कांग्रेस का तहसील कार्यालय के सामने उपवास और धरना

नवभारत, मझौली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को निरस्त किए जाने के विरोध में आज मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्री संजय यादव के निर्देश पर मझौली तहसील कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय उपवास एवं विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझौली के अध्यक्ष श्री अम्बर सिंह राजपूत तथा पोंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य श्री प्रदीप पटेल के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्यों और जनमत का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि श्रीमती मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि लोकतंत्र की रक्षा, जनमत के सम्मान और संविधान की गरिमा को बनाए रखने के लिए कांग्रेस का यह संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक निरंतर जारी रहेगा।

इस एक दिवसीय उपवास और विरोध प्रदर्शन में जबलपुर जिले के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष श्री सुरेश मांझी, भक्तराज सिंह राजपूत, नरसिंहपुर प्रभारी श्रीमती अर्चना मुन्नालाल दहिया, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश दुबे (बबलू पंडा), मुन्ना दहिया, और हल्कू सिंह राजपूत।

कटंगी में विरोध स्वरूप हुआ सत्याग्रह उपवास

नवभारत, कटंगी। लोकतंत्र की हत्या के विरोध स्वरूप आज बुधवार को कटंगी ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा कटंगी पाटन विधानसभा में आयोजित सत्याग्रह एवं उपवास आंदोलन में सहभागिता की।

कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और संविधान की भावना पर गंभीर प्रहार है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी अन्याय एवं तानाशाही प्रवृत्तियों के विरुद्ध मजबूती से आवाज़ उठाती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने संबोधित करते हुए आगे कहा कि सत्य, संविधान और लोकतंत्र की इस लड़ाई में हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। आज विरोध स्वरूप आंदोलन में ब्लॉग कांग्रेस अध्यक्ष नेकरायण सिंह, नगर अध्यक्ष सुरेन्द शुक्ला, पार्षद मक़सूद ख़ान, पूर्व नगर अध्यक्ष बल्ला महंराज, मंडलम अध्यक्ष मनीष चौरसिया, मंडलम अध्यक्ष यासिर हनीफ खान, जिला उपाध्यक्ष जयंत जैन, ललित सोनी, आशिफ ख़ान, नासिर खान, फिरोज खान, महेंद्र नेमा रमन सेन, रिक्कू सिघंई, दिनेश जैन, नाजिम खान, राजा जैन, तस्सू खान, सचिन राजपूत, विवेक नेमा मुकेश चक्रवर्ती, बंटी खान, मनोज, सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निर्माणधीन मकान में चोरी

नवभारत, जबलपुर। संजीवनी नगर अंतर्गत सुभाषनगर मडफैया में एक निर्माणधीन मकान का ताला चटकाकर अज्ञात चोर ने करीब 70 हजार रुपये के बिजली और प्लंबरिंग के सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब मकान का निर्माण कार्य पिछले कुछ दिनों से बंद पड़ा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुभाषनगर मडफैया निवासी नीलेश चक्रवर्ती (30) मकान निर्माण की ठेकेदारी का काम करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा पटेल ट्रेडर्स के पीछे मडफैया स्थित हेमंत राय के मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पिछले 20 दिनों से वहां काम बंद था। निर्माणधीन मकान में अज्ञात चोर ने मकान के अंदर लगे बिजली के सारे उपकरण निकाल लिए थे और दीवार से कीमती तारें खींच ली थीं। इसके अलावा प्लंबरिंग का पूरा सामान भी तोड़कर चोरी कर लिया गया था। पीड़ित के मुताबिक, चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग 70 हजार रुपये है।

घर में घुसे तीन सांप, मचा हड़कंप

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर थानांतर्गत स्कीम 41 निवासी परितोष मालवीय के घर में सांयकाल पांच बजे एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन तीन सांप पूरे घर में घूम रहे थे। जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए एक घंटे की मशक्कत के बाद सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया दुबे के अनुसार पकड़े गए सांप चार फीट लंबे पन्हियल प्रजाति के सांप हैं।

बरगी में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर के अध्यक्ष व पूर्व विधायक संजय यादव के नेतृत्व में बरगी ब्लॉक में भाजपा सरकार के खिलाफ 'पोल खोल – हल्ला बोल' जनआंदोलन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन कर जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, डीजल–पेट्रोल व रसोई गैस के दामों, नीट परीक्षा घोटाले, बेरोजगारी व क्षेत्र की उपेक्षा पर सरकार को घेरा तथा गाँव–गाँव बिक रही अवैध शराब से सामाजिक माहौल बिगड़ने का आरोप लगाया।

कांग्रेस ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने, पेपर लीक व परीक्षा घोटालों पर कार्रवाई करने, युवाओं को रोजगार देने व किसानों को खाद संकट से राहत दिलाने की मांग की। इस दौरान बबुआ शुक्ला, दीपांशु यादव, रघु चौधरी, विकास खन्ना, मुन्नी बाई, कमला पटेल, चतुर सिंह लोधी, रुक्मणी गोंटिया, संतोष डेहरिया, नीलेश वरकड़े, संजू वरकड़े, गोपी परस्ते, उमा उइके, प्रकाश थापा, बेनी आर्मो, अमित गिरी, जयसिंह मरकाम, नन्हू रजक और श्रीपाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की अर्थी निकाल कर कांग्रेस ने जलाया पुतला

▸ मीनाक्षी नटराजन सहित अन्य मुद्दों पर बेलखाडू कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत बेलखाडू। राज्यसभा में सदस्य में नामांकन दाखिल करने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस में गुस्से की लहर है। जिला कांग्रेस के निर्देश पर केंद्र और राज्य सरकार के विरोध में आज ग्राम सूखा में बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का अर्थी जुलूस निकाल कर पुतला दहन किया। इसमें अवैध शराब, किसानों की समस्याएं, बिजली जैसे अन्य मुद्दे भी शामिल रहे। शाम को हुए इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम दौरान वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, सेवादल अध्यक्ष शिव नामदेव, संगठन मंत्री राजेश पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, रिंकू तिवारी, बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत सिंह परिहार, अमन महेरे, ताहिर खोकर खान, राजकिशोर पटेल जी, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत परिहार, नीलेश साहू, पवन सोनी, साहिल सोनी, रिंकू शर्मा जी, नारायण पटेल, अश्विनी पटेल, रामकृपाल चौधरी, गिरानी पन्डा, सूरज चौधरी, सौरभ अहिरवार, द्वारका चौधरी, बेड़ी लाल, अभी पटेल, अज्जू, गंगा राम राजेश पटेल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहली ही बौछार में डूबने की कगार पर पनागर, अधूरी नालियां बनीं डेथ ट्रैप

▸ कागजों पर स्मार्ट, धरातल पर नरक..!

नवभारत, पनागर। मानसून की दस्तक से पहले ही पनागर नगर क्षेत्र की व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे अधूरे नाला–नाली निर्माण कार्य अब आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। जगह–जगह खोदी गई नालियां अधूरी छोड़ दी गई हैं, जिनमें गंदा और बदबूदार पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में विकास दिखा रहे हैं, जबकि धरातल पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

मुख्य मार्गों के किनारे खोदी गई गहरी नालियां बिना सुरक्षा इंतजामों के खुली पड़ी हैं। दुकानों और घरों के सामने बने इन गड्ढों को पार करने के लिए लोग लकड़ी के पतले फट्टों का सहारा लेने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क पर मिट्टी का ढेर, फिसल रहे वाहन नाला निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़क किनारे ही छोड़ दिया गया है। हल्की बारिश के बाद यह मिट्टी दलदल में तब्दील हो चुकी है, जिससे सड़क संकरी और फिसलन भरी हो गई है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसल रहे हैं और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से दुकानों के सामने खुदाई होने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है और ग्राहक आने से बच रहे हैं।

बीच में खुदाई, अधूरा छोड़ दिया काम

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर क्षेत्र में कई जगह बिना योजना के खुदाई शुरू कर दी जाती है, लेकिन काम पूरा नहीं किया जाता। एक स्थान पर अधूरा काम छोड़कर दूसरी जगह खुदाई शुरू कर दी जाती है, जिससे पूरे नगर में अव्यवस्था फैल गई है। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसियों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है

पहली तेज बारिश में घर–दुकानों में घुस सकता है गंदा पानी

नागरिकों और व्यापारियों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही नाला–नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो पहली तेज बारिश में गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घरों और दुकानों में घुस सकता है। इससे आर्थिक नुकसान के साथ–साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ जाएगा।

जनता में आक्रोश, जल्द कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को तत्काल युद्ध स्तर पर पूरा कराया जाए तथा सड़क पर फैली मिट्टी और कीचड़ हटाकर आमजन को राहत दी जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी।

131गुमे मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

नवभारत, जबलपुर। पुलिस ने गुमे 131 मोबाइल ढूंढ निकाले। बुधवार को जब कंट्रोल रूम में गुमे मोबाइल धारकों को लौटाए गए तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गुम हुए 131 मोबाईल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 21 लाख रुपये है, को ट्रेस कर संबंधित धारकों को सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो गया है, तो उसकी शिकायत संबंधित थाने में करें। इस दौरान उन्होंने साइबर ठगों से सतर्क रहने और सावधानियां बरतने की अपील की है।

ड्राइवर को चाकू से गोदा

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर के पास बीती रात शराब पीने के लिए रूपए न देने पर बदमाशों ने एक ड्राइवर के साथ मारपीट कर दी इसके बाद चाकू से गोद दिया। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक भगवान दास ठाकुर (27) निवासी महाराजपुर बावली का ड्राइवर है। बीती रात लगभग 9 बजे वह अपने साले परम सिंह ठाकुर के घर से लौट रहा था। रास्ते में महाराजपुर के पास कोल बस्ती महाराजपुर निवासी विवेक अपने एक साथी के साथ आया और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों उसके साथ विवाद कर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। विवेक के साथी ने चाकू से हमलाकर उसे गंभीर चोट पहुंचा दी। इसके बाद दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

फुलवारी–देवेन्द्र नगर नई रेल लाइन पर हुआ सीआरएस का ट्रायल

नवभारतजबलपुर,। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में ललितपुर–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत फुलवारी (कि.मी. 1225.520) से देवेन्द्र नगर (कि.मी. 1232.420) के मध्य निर्मित 6.90 किलोमीटर लंबे नवीन रेल खंड का मध्य वृत (मुंबई) के रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) गुरूप्रकाश द्वारा बुधवार 10 जून को विस्तृत संरक्षा निरीक्षण एवं गति परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा फुलवारी स्टेशन पर निर्माण संगठन एवं जबलपुर मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर परियोजना से संबंधित अभिलेखों एवं संरक्षा दस्तावेजों का परीक्षण किया गया।

इसके उपरांत मोटर ट्रॉली के माध्यम से फुलवारी से देवेन्द्र नगर के मध्य नवीन रेल खंड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे संरक्षा आयुक्त ने रेल पथ, पुल–पुलियाओं, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, विद्युत अधोसंरचना तथा परिचालन व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। इसके साथ ही देवेन्द्र नगर से फुलवारी तक 120 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से निरीक्षण विशेष ट्रेन द्वारा प्रारंभिक परीक्षण किया गया, जो इस खंड की संरचनात्मक मजबूती एवं सुरक्षा मानकों की पुष्टि करता है। देवेन्द्र नगर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया गया।

विधायक विश्नोई ने किया एसटीपी का भूमिपूजन एवं सीसी रोड का लोकार्पण

नवभारत, पाटन। नगर परिषद पाटन क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए पाटन विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में वार्ड क्रमांक 2 में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन योजना के तहत नगर के दूषित जल के शोधन के लिए 4 करोड़ रुपए की लागत से 1 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 10 में भूरे यादव के मकान से चन्द्रशेखर गुप्ता के मकान तक तथा वार्ड क्रमांक 11 में डॉ. नीरज नेमा के मकान से अखाड़े तक निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण भी विधायक श्री विश्नोई द्वारा किया गया।

विधायक श्री विश्नोई ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्थापित होने वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नगर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही सीसी सड़कों से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद पाटन के अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह ने की।

कार्यक्रम में नगर परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती शक्ति देवकुमार यादव, एसडीएम मानवेन्द्र सिंह, तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान सहित नगर के गणमान्य नागरिक, वार्डवासी एवं नगर परिषद के अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

गांधीग्राम बुढागर में शौर्य यात्रा को लेकर बृहद बैठक आयोजित

▸ 17 को जबलपुर में आयोजित शौर्य यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल होने का लिया संकल्प

नवभारत, पनागर। गांधीग्राम बुढागर में सोमवार को क्षत्रिय राजपूत समाज की एक बृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व श्री राजमणी सिंह बघेल ने किया। बैठक में आगामी 17 जून 2026 को जबलपुर में आयोजित होने वाली शौर्य यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया गया।बैठक में उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांधीग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से इस वर्ष बड़ी संख्या में क्षत्रिय राजपूत समाज के लोग शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। समाज के वरिष्ठजनों ने परिवार सहित सहभागिता पर जोर देते हुए मातृशक्ति एवं बच्चों को भी यात्रा में शामिल करने का आह्वान किया, ताकि नई पीढ़ी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और पराक्रम से प्रेरणा ले सके।बैठक में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, शौर्य यात्रा संयोजक जी.एस. ठाकुर, उपाध्यक्ष दिलीप ठाकुर, प्रवेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह चौहान, हरीश ठाकुर, प्रांजल सिंह एवं पुष्पेंद्र सिंह (ग्रीन सिटी) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गांधीग्राम बुढागर से गजराज सिंह, नवल सिंह, विज्ञान सिंह, बहादुर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, अजय राज सिंह, पप्पू सिंह, मुकेश सिंह, संजय सिंह, दौलत सिंह, कृष्णपाल सिंह, राजमणी सिंह, रवि सिंह, आदर्श सिंह, अमित परौहा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी बैठक में सहभागिता की।

मांग | वार्डवासियों का फूटा गुस्सा, सीएमओ नीतू सिंह से की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

नप कर्मियों की साठगांठ से सरकारी हैंडपंप से सींचे जा रहे निजी खेत!

नवभारत, मझौली। नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 1 से भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का एक बेहद शर्मनाक मामला उजागर हुआ है। हल्का पटवारी नंबर 21 के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 160 की शासकीय श्मशान भूमि पर लगा सार्वजनिक नलकूप (बोर) अब आम जनता की प्यास बुझाने के बजाय रसूखदारों के खेतों को हरा–भरा कर रहा है। आरोप है कि स्थानीय वार्ड पार्षद और नगर परिषद के अधिकारियों–कर्मचारियों की मिलीभगत से इस सरकारी संपत्ति का खुलेआम निजी स्वार्थ के लिए दोहन किया जा रहा है।

इस गंभीर और मलाईदार साठगांठ का खुलासा तब हुआ जब बुधवार को वार्ड क्रमांक 1 के पीड़ित नागरिकों ने एकजुट होकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीतू सिंह को शिकायती आवेदन सौंपा। वार्डवासियों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि वार्ड पार्षद बबलू भाईजान और नगर परिषद कार्यालय मझौली में पदस्थ कुछ जिम्मेदार अधिकारी–कर्मचारियों के बीच गहरा नेक्सस (साठगांठ) चल रहा है। इसी सांठगांठ के संरक्षण में श्मशान भूमि (खसरा नंबर 160) पर स्थित शासकीय बोर का उपयोग अज्ञात दबंगों द्वारा रात–दिन अपने पर्सनल खेतों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है। श्मशान घाट जैसी संवेदनशील और पवित्र जगह पर जनता की सहूलियत के लिए बना सार्वजनिक संसाधन अब चंद रसूखदारों की निजी जागीर बन कर रह गया है।

जनता बूंद–बूंद पानी को मोहताज, रसूखदार काट रहे चांदी

एक तरफ जहाँ अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोग और स्थानीय वार्डवासी पानी की एक–एक बूंद के लिए परेशान होते हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक नाक के नीचे सरकारी बिजली और सरकारी बोर से रसूखदारों के खेतों में सिंचाई की जा रही है। वार्डवासियों का कहना है कि पटवारी हल्का नंबर 21 की इस बेशकीमती शासकीय भूमि पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। बाउंड्री वॉल और श्मशान शेड न होने के कारण पहले से ही यहाँ दुर्दशा का माहौल है, और अब इस प्रकार की अवैध गतिविधियों ने परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हैंडपंप लगाने की मांग

आक्रोशित नागरिकों (चकूलाल, अनुसुईयाबाई, चम्मू, गुड्डा, राजा कुशवाहा, लखन, गोपालप्रसाद, मन्नू कुशवाहा, कृष्ण कुमार काछी आदि) ने सीएमओ नीतू सिंह से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषियों पर सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का मामला दर्ज हो, खेतों में जा रही अवैध पाइपलाइनों को तत्काल काटा जाए और उक्त बोर में आम जनता के लिए तत्काल हैंडपंप स्थापित किया जाए। साथ ही खसरा नंबर 160 पर बाउंड्री वॉल और शेड का निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो। वार्डवासियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि नगर परिषद प्रशासन ने अपने भ्रष्ट कर्मचारियों और रसूखदार पार्षद के दबाव में आकर इस मामले को दबाने का प्रयास किया, तो वे मामले को जिला कलेक्टर तक ले जाएंगे और उग्र प्रदर्शन करेंगे।